DR. BHIM RAO AMBEDKAR COLLEGE
(University of Delhi)

Main Wazirabad Road, Delhi-110094, Phones: 22814126, Telefax: 22814747

Email: info@drbrambedkarcollege.ac.in; brambedkarcollege.du@gmail.com; principal@drbrambedkarcollege.ac.in; Website: www.drbrambedkarcollege.ac.in

Ref.No. BRAC/OP/PressRelease/2018-19/ Dated: 28.02.2019

प्रेस विज्ञप्ति

पूरा हिन्दुस्तान एक है: चेतना 2019 का दूसरा दिन

दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज के वार्षिकोत्सव चेतना 2019 का दूसरा दिन हिन्दुस्तान के अलग-अलग सांस्कृतिक छवियों के नाम रहा. डीयू के कॉलेजों सहित दिल्ली-एनसीआर से आए दूसरे दर्जनों संस्थान के छात्रों ने अलग-अलग राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए. उनके इस प्रदर्शन में भाषा, धुन, पोशाक की पर्याप्त भिन्नता होने के बावजूद जज्बात एवं जुड़ाव के स्तर पर एक भारतः अखंड भारत की झलक मिलती रही. चेतना 2019 की संयोजक डॉ. संगीता धर ने इस चेतना की थीम से जोड़ते हुए कहा कि दिल्ली एक ऐसा शहर है जहां पूरा हिन्दुस्तान बसता है. ऐसे में इस वार्षिकोत्सव की पूरी कोशिश है कि जो भी इसमें सामिल होते हैं वो यह बात गहराई से महसूस कर सकें कि संस्कृति, भावना एवं पारंपरिक मूल्यों के स्तर पर हिन्दुस्तान एक है.

ज्ञात हो कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कॉलेज ने दो दिवसीय अपनी सांस्कृतिक उत्सव को अतुल्य भारत की थीम के साथ शुरू किया है. पूरे परिसर में ऐसे दर्जनों कट आउटट लगाए गए हैं जो कि भारत के विविध प्रांतों का प्रतिनिधित्व करते हैं. कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जी. के. अरोड़ा ने कहा कि अगले दो दिनों तक हमारे अतिथि यदि पूरे कैंपस का दौरा करते हैं तो उन्हें हिन्दुस्तान की विरासत क्या है, समझने में सहूलियत होगी.

चेतना 2019 का पहला दिन जहां नुक्कड़ नाटक, रंगोली, कॉस्ट्यूम डिजायन और गायन प्रतियोगिताओं के नाम रहा वहीं दूसरा दिन पूरी तरह नृत्य आधारित प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों पर केन्द्रित रहा. इस दौरान दिव्यांगों के लिए अतिरिक्त कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी. दूसरे दिन लोक नृत्य प्रतियोगिता के अन्तर्गत जहां सोलह से अधिक राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किए गए, वहीं पाश्चात्य नृत्य में होनेवाले बदलावों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

खबर लिखे जाने तक चेतना 2019 की विभिन्न प्रतियोगिताएं अभी भी जारी है जिसमें फैशन शो, कोरियोग्राफी एवं मिस्टर-मिस चेतना 2019 के लिए छात्रों का सैलाव उमड़ा है. विभिन्न प्रतियोगिताओं के अलावा संगीत एवं नृत्य जगत से जुड़ी सिलेब्रेटी के विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. इसके तहत संदीप बरार जो कि सेम टाइम, सेम जगह गाने से मशहूर हुए, अपना लाइव परफॉर्मेंस से छात्रों को बांधे रखा तो वहीं पंजाबी गायन की दुनिया में विशेष स्थान रखनेवाले शिव जोत के गायन पर छात्र सहित बाहर से आए विशेष मेहमान झूमने से खुद को रोक नहीं पाए.

इस मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जी.के. अरोड़ा ने एक बार फिर छात्रों, शिक्षकों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए याद दिलाया कि चेतना 2019 का मुख्य उद्देश्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस देश की विविधता को एक मंच पर लाना है. हमारी कोशिश होगी कि अगले साल हम इसे और आगे ले जाएं और छात्रों में यह संदेश पहुंचाने में सफल हो सकें कि भारतीयों का आपसी जुड़ाव महज भूगोल के स्तर पर नहीं, रहन-सहन, जीवनशैली और सांस्कृतिक स्तर पर भी है.

कॉलेज ने चेतना 2019 के दौरान दर्जनभर से भी ज्यादा जिन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है, उनके लिए क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे. इन पुरस्कारों में प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं पूर्व निर्धारित प्रावधानों के तहत नकदी पुरस्कार वितरित किए जाएंगे.

28/2/2019

मीडिया प्रभारी